तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

08 दीपावली के लिए सजा बाजार, ग्राहकों की बढ़ी भीड़

08 अंचल में सुआ नृत्य की धुम, घर-घर पहुंच रही ...




# मिट्टी के दीए खरीदने बाजार पहुंचे कलेक्टर, पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को स्थानीय बाजार पहुंचकर कारीगरों से मिट्टी के दिये, ग्वालिन एवं धान की बाली से निर्मित फरी खरीद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आस-पास के बिक्री करने वाले कुम्हार परिवारों से हाल- चाल का जायजा लेते हुए व्यापार के संबंध में जानकारी ली। बलौदाबाजार निवासी बुधराम पांडे ने बताया कि दिये की बिक्री अच्छी हो रही है। नगर पालिका द्वारा भी किसी प्रकार का टैक्स नहीं लिया जा रहा है। लोगों में भी उत्साह है। इस मौके पर कलेक्टर सोनी ने कहा कि मिट्टी के दीये पूरी तरह से प्राकृतिक, पर्यावरण के लिए सुरक्षित और स्वच्छ विकल्प है। मिट्टी के दीयों में एक अद्वितीय और पारंपरिक आकर्षण होता है। उनकी मंद और सुनहरी लौ हमारे त्योहारों की वास्तविक और गहरी भावना को दर्शाती है। वे हमारे सदियों पुरानी भारतीय संस्कृति का प्रतीक हैं। जब आप मिट्टी का दीया खरीदते हैं तो आप सीधे तौर पर हमारे कुम्हारों और छोटे कारीगरों के परिवारों की मदद करते हैं। यह उन्हें अपनी कला और आजीविका को बनाए रखने का अवसर देता है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि इस दीपावली मिट्टी के दीये खरीदें और उनकी रोशनी से अपने पर्व को और भी खास, पर्यावरण-अनुकूल और सार्थक बनाएं। विदेशी इन वस्तुओं के स्थान पर हमारे भाई बंधुओं द्वारा बनाये जा रहे स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें, जिससे इन्हें आर्थिक विकास में मदद मिलेगी।

## खरीदी के दौरान स्वदेशी उत्पाद व स्थानीय कारीगरों का बढ़ाया उत्साह




### डिजिटल लेन देन को प्रोत्साहित किया

कलेक्टर सोनी ने इसके पश्चात दशहरा मैदान में लगे पटाखा दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदारों से सुरक्षा का पालन करने, सामानों की सुरक्षा करने तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर कंट्रोल रूम, सम्पर्क केन्द्र एवं समाधान सेल के नंबर पर संपर्क करने कहा। उन्होंने डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देने को भी कहा। इसके साथ ही अधिकारियों को बिजली वायरिंग सहित अन्य सुरक्षा पर भी ध्यान देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बताया क्रि स्थानीय कारीगरों को अपने उत्पाद बेचने के लिए शहर में व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने तथा किसी प्रकार की टैक्स न लेने नगर पालिका को निर्देशित किया गया है। इस दौरान एसडीएम प्रकाश कोरी, एसडीओपी निधि नाग सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### बसपा सदस्यों का क्षेत्र में दौरा जारी

**गोपालपुर।** बहुजन समाज पार्टी के श्याम टण्डन प्रदेशाध्यक्ष बसपा और दाऊ राम रत्नाकर कोऑर्डिनेटर, इंदु बंजारे पूर्व विधायक पामगढ़ ने क्षेत्र दौरा कर कार्यकर्ताओं से जनसम्पर्क कर रहे हैं, जहां उन्हें सभी गांवों में समर्थन मिल रहा है।

### नवधा रामायण में स्वेता मानस मंडली प्रथम



**सेल।** ग्राम पंचायत साबर में आयोजित अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता का भव्य समापन सहस्त्रधारा एवं हवन पूजन के साथ हुआ। इसमें क्षेत्र की विभिन्न मानस मंडलियों ने भाग लेकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्ति गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रतियोगिता में स्वेता मानस मंडली किकिरदा शक्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजू मानस मंडली चरौद़ी द्वितीय, राम किंकर मानस मंडली करमदा तृतीय रही। इसके अलावा चतुर्थ से एकादश स्थान तक विभिन्न मंडलियों को पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए। सभी विजेता मंडलियों को गुलाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 11,001 प्रेमलता वैष्णव जिला पंचायत सदस्य, द्वितीय 9,001 सिद्धांत मिश्रा पूर्व जनपद अध्यक्ष, तृतीय 8,001 डिकेश पैंकरा द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष इंद्रकुमार पैंकरा सहित ग्रामीणों ने आयोजन को सफल बनाया। पूरे आयोजन के दौरान ग्राम में रामनाम की गूंज सुनाई देती रही। हवन एवं सहस्त्रधारा के साथ समापन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कोडार में नंदेश्वर की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**महासमुंद।** ग्राम कोडार में नंदेश्वर के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रतिमा स्थापना में जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरुण चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा। अमर व ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर विधि विधान से प्रतिमा स्थापित की। इस अवसर पर सहदेव यादव, रोहित ध्रुव, रामलाल निषाद, चिंतामणि साहू, जनक राम साहू, हरिराम यादव, तुकाराम, रूपलाल यादव, परदेशी ध्रुव, बृज बैगा व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## अलग-अलग स्थलों पर बनाया गया पार्किंग जोन, सुगम व्यवस्था में जुटा यातायात विभाग

# धनतेरस और दीपावली बाजार में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

दीपावली त्यौहार के मद्देनजर शहर में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच विस्तृत चर्चा की गई। धनतेरस और दीपावली के लिए अलग-अलग जोन में पार्किंग स्थलों का चयन किया गया है।


शहर के सदर बाजार एवं लटुवा चौक, नेहरू चौक क्षेत्र में बड़ी एवं चारपहियां वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है, इसके लिए दो जोन बनाये गये हैं, जिसमें सिर्फ 2 पहिया वाहनों का प्रवेश रहेगा। रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक सदर बाजार, सराफा बाजार क्षेत्र में मालवाहक गाडियां, लोडिग/अनलोडिंग की गाड़ियां प्रवेश करेगी, इसके अतिरिक्त सुबह 6 से रात्रि 10 बजे तक मालवाहक गाडियां बाजार एरिया में प्रतिबंधित है।

रामसागरा तालाब के पास दो पहिया और चार पहिया गाड़ियों की पार्किंग, साहू लोहा बाड़ा रोड - रायपुर रोड आदि एरिया से आने वाली गाड़ियों की पार्किंग और बजरंग चौक में स्थित प्राथमिक स्कूल की ओर से आने वाली चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की गई है।





## धनतेरस आज, बाजार में रहेगी रौनक, बर्तनों की होगी सर्वाधिक खरीदी

बलौदाबाजार। धनतेरस के अवसर पर आज बाजार गुलजार रहेगा। शुभ मुहूर्त में खरीदारी के लिए लोगों में उत्साह चरम पर है। सर्राफा बाजार से लेकर ऑटोमोबाइल शोरूम, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और कपड़ा बाजार तक ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल सकती है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर का कहना है कि इस बार बिक्री के सारे पुराने आंकड़े टूट जाएंगे। धनतेरस पर सोना, चांदी और बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। सर्राफा बाजार में चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और सोने के गहनों की जमकर बिक्री की उम्मीद है। दुकानदारों ने बताया कि जीएसटी दरों में कटौती के कारण इस वर्ष पिछले साल की तुलना में करीब 25 से 30 प्रतिशत तक अधिक ग्राहक देखने को मिल सकती हैं। वहीं ऑटोमोबाइल शोरूमों में भी ग्राहकों की लंबी कतारें लगेगी हैं। शुभ मुहूर्त में नई गाड़ियां खरीदने के लिए लोग बुकिंग कर रहे हैं। दोपहिया और चार पहिया वाहनों की बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। यामाहा शोरूम संचालक अभिषेक मिकी तिवारी का कहना है कि आज सुबह से ही लगातार डिलीवरी की तैयारी है और शाम तक सौ से अधिक वाहन बिकने की संभावना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और गृह सज्जा के सामानों की दुकानों में भी ग्राहकों की आवाजाही पूरे दिन बनी रही। एलईडी टीवी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन और मोबाइल फोन की बिक्री में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। वहीं बर्तन बाजार में पीतल, तांबा और स्टील के बर्तनों की खरीदारी भी जोरों पर है।सर्राफा कारोबारी अनिल सोनी अनिल ज्वेलर्स ने बताया कि इस बार त्योहारी सीजन में बाजार में उत्साह देखते ही बन रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए जिला मुख्यालय पहुंचे हैं। बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। कुल मिलाकर धनतेरस पर बलौदाबाजार का व्यापारिक माहौल पूरी तरह उत्सवमय है। हर तरफ रोशनी, रौनक और खुशियों का माहौल है।

# स्वीट्स और खाद्य दुकानों का निरक्षण, 95 सैंपल कलेक्ट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय सोनी द्वारा गुरुवार को दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले के कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गुलाब जामुन, सेव, पापड़ी का कुल 95 नमूना लेकर मौके पर परीक्षण किया एवं दुर्गा स्वीट्स बलौदाबाजार में अमानक पाये गये 2 किलो मिल्क केक को मौके पर नष्ट कराया।

निरीक्षण टीम द्वारा आशु किराना स्टोर्स कसडोल, जायसवाल किराना कटगी, शिवांश मार्केटिंग कसडोल, प्रेम प्रकाश फूड्स भाटापारा, दुर्गा पल्सेंस भाटापारा से गुलाब जामुन मिक्स, मैदा, चना बेसन, सूजी, खाद्य तेल, घी, दाल, पोहा का नमूना संकलन कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर परीक्षण हेतु भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान होटल व रेस्टोरेंट, मिष्ठान्न भंडारो के खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सामग्रियों को ढ़ककर रखने, खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किये जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाइयों एवं नमकीन बनाने में प्रयोग करने, किसी भी निर्मित मिठाइयों या खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का (श्री गणेश, गाय छाप रंग) का उपयोग नहीं करने साथ ही साथ किराना दुकानों में बिना बैच नम्बर, ऐसे खाद्य पदार्थों जिसमें निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि अंकित नहीं हो विक्रय नहीं करने, अखबारी स्याही युक्त कागज में खाद्य पदार्थ नहीं परोसने निर्देशित किया गया है। टीपीएम मीटर से खाद्य पदार्थों को तलने वाले तेल की गुणवत्ता की जांच की गई। ग्राहकों को साफ-सफाई युक्त खाद्य परिसरों से ही जांच परख कर, खाद्य पदार्थों का अवसान तिथि, खाद्य लाइसेंस व पंजीयन नंबर देखकर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों का क्रय करने हेतु अपील की गई।

### अमानक वस्तुओं को किया नष्ट

इसी तरह चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से मनमीत स्वीट्स बलौदाबाजार, दुर्गा स्वीट्स बलौदाबाजार, नीलकमल स्वीट्स बलौदाबाजार, रूपड़ा स्वीटस बलौदाबाजार, यादव होटल भाटापारा, साहू होटल भाटापारा, शहजादा डेली निड्स भाटापारा, शिफा बिरयानी सेंटर भाटापारा फर्मों का निरीक्षण कर बेसन लडडू, बुन्दी लड्डू, बादाम पेड़ा, कलाकंद, मिल्क केक, काजू कतली, गुलाब जामुन सेव पापड़ी का कुल 95 नमूना लेकर मौके पर परीक्षण किया गया एवं दुर्गा स्वीट्स बलौदाबाजार में अमानक पाये गये 2 किलो मिल्क केक को मौके पर नष्ट कराया गया।

# आयुष्मान व वय वंदना पंजीयन के लिए घर-घर पहुंच रही टीम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**




कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर आयुष्मान और वय वंदना कार्ड पंजीयन किया जा रहा है। टीमें घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क कर रही हैं तथा उनसे आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि लेकर ऑन द स्पॉट पंजीयन किया जा रहा है। यह अभियान उन नागरिकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं बना पाते।

जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना और वय वंदना योजना के तहत घर-घर जाकर पंजीयन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पंजीकृत अस्पतालों में 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा पात्र नागरिकों को उनके आयुष्मान और वय वंदना कार्ड के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर सोनी ने आमजन से अपील की है कि वे सर्वे टीम के साथ सहयोग करें और समय पर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं ताकि किसी भी पात्र नागरिक को इस योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े।

# 110 लीटर महुआ शराब जब्त, तीन युवक गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यजू ▶▶| सेल**



राजादेवारी पुलिस ने अवैध महुआ शराब के कारोबारियों दबोचा और उनके कब्जे से 110 लीटर महुआ शराब जब्त की। पुलिस ने इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गोपनीय सूचना पर कोर्राडीह तिराहा मेन रोड पर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने शराब बिक्री करते हुए रंगे हाथों तीन लोगों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों नरेंद्र 21 साल निवासी बलौदा सबरिया डेरा थाना गिधोरी, नंदलाल बरिहा 45 साल ग्राम गनियारी थाना सलीहा, हेमंत बरिहा 21 साल ग्राम गनियारी थाना सलीहा शामिल हैं। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से कुल 110 लीटर महुआ शराब जब्त की है। इसके साथ ही अवैध परिवहन में उपयोग किए जा रहे दो वाहनों को भी जब्त किया। इन वाहनों में एक ऑल्टो कार, जिसका नंबर सीजी 10 एन 4832 है, और एक पल्सर मोटरसाइकिल जिसका नंबर सीजी 06 एचसी 1067 शामिल हैं। राजादेवारी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

# पेंशनरों ने भी मांगा दीपावली से पहले पेंशन

**हथबंद।** राज्य सरकार द्वारा शासकीय कर्मचारियों के लिए दीपावली पूर्व अक्टूबर का वेतन देने का आदेश जारी किया गया, जो स्वागत योग्य है। लेकिन प्रदेश के पेंशनरों के प्रति बेरुखी रवैया अपनाया गया है, शायद पेंशनर्स दीपावली नहीं मनायेंगे। प्रदेश के समस्त पेंशनरों सहित भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बलौदाबाजार-भाटापारा के जिलाध्यक्ष खोडसराम कश्यप, महासचिव मुबारक हुसैन ने शासन से अविलंब यही आदेश पेंशनरों के हित में जारी करने की मांग की है। शासन अपने सहदयता का परिचय देते हुए आज ही आदेश जारी करेगी।

# शिविर में क्षेत्रवासियों ने करायी आंखों की जांच

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी**



विकास खण्ड के जंगल ग्राम पंचायत धमनी के आंगनबाड़ी क्रमांक 3 में समर्थन एवं साइट शेवर इंडिया द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र चिकित्सकों ने ग्रामीणों को बताया की आंख बहुमूल्य है। इनकी सुरक्षा और बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई, जिसमें धमनी के वनदेवी महिला समूह, सहेली महिला समूह सहित अन्य महिला समूह के सदस्यों ने भाग लिया।

नेत्र सुरक्षा के लिए अति आवश्यक जानकारी दिये जाने के साथ-साथ आंख में जाला, फुले पड़ने पर पानी बहना निकट दृष्टि एवं दूर दृष्टि दोष का जांच की गई। मोतियाबिंद की जानकारी सम्पूर्ण रूप से दी गई। शिविर में जिला समन्वयक विनोद मांण्डले, आरएचओ अतुल साहू, संजय पैकरा, सीएचओ प्रदीप वर्मा, एएनएम पुष्पा बांधे, शकुंतला यादव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता पैकरा, हेमंत कन्नौजे, अंजु यदु और सभी सहायिका गण मितानिन लछनी बाई यादव, अक्ती पटेल, संतोषी यदु एंव वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव उपस्थित रहे। उपस्थित समूह और समस्त महिलाओं के लिए भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ सभी को पेन और कापी प्रदान किया गया जांच पश्चात चश्मा प्रदान किया जाएगा।














विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


समस्त प्रदेशवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनायें
एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण श्रृंखला
आपकी तरक्की में हाथ.. अरुण के कृषि यंत्रों का हाथ
अरुण ट्रेड कम्बाइन्स - कृषि उपकरणों की निर्माण में अग्रणी. हम बनाते हैं कृषि उपकरणों की वृहद श्रृंखला.
अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण सर्वाधिक उपयोग में आने वाले उपकरण, जो बनते हैं बेस्ट पार्ट्स व कॉम्पोनेंट्स से.
अशोका सुपर डीलक्स थ्रेशर
शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध
एलिवेटर मॉडल भी उपलब्ध
मजबूती का हाथ.. किसानों के साथ
• 5 फैन मॉडल
• 6 फैन मॉडल
• 7 फैन मॉडल
आसान फाइनेंस की सुविधा
बिक्री पश्चात सेवा सुविधा
ट्रेक्टर लोडर
ट्रेक्टर कम्प्रेशर
कॉन्क्रीट मिक्सर
ट्रेक्टर ट्रेलर
कुट्टी मशीन
ट्रेक्टर हार्वेस्टर कंबाइन
ट्रेक्टर लोडर
ट्रेक्टर हॉलर मिल
ट्रेक्टर क्रेन
ट्रेक्टर पोल इरेक्टर
मिनी ट्रेक्टर विथ लोडर
ट्रेक्टर कुट्टी मशीन
रीपर
ट्रेक्टर ज़ायरोवेटर
वाटर टैंकर
ट्रेक्टर ट्रेंचर
हाइड्रोलिक ग्रेडर
लेवलर
अरुण ट्रेड कम्बाईन्स
माना रोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) मोबाइल - 95168 55103
बलौदाबाजार - 9826611773 • भाटापारा - 9589898921
नयापारा - 9926148053 • अभनपुर- 7389886184

धनतेरस एवं दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...



मा. भूपेश बघेल
पूर्व मुख्यमंत्री



शुभ दीपावली

इन्द्र साव
विधायक भाटापारा

प्रिय क्षेत्रवासियों,
रोशनी के इस पर्व पर मैं अपनी विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह त्योहार हमें अंधकार से प्रकाश की ओर, बुराई से अच्छाई की ओर निराशा से आशा की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता हैं। आपका आशीर्वाद और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं माँ लक्ष्मी, सरस्वती और भगवान् गणेश से प्रार्थना करता हूँ यह त्योहार आपके घर को सुख समृद्धि, ज्ञान से भर दे। एवम् आप हमेशा स्वस्थ एवम् प्रसन्न रहे।
आपके घर आँगन दीपों की रोशनी से जगमगाएं साथ ही हमारे पूरे क्षेत्र में भी विकास ओर खुशहाली का प्रकाश फैले। आइए, इस दिवाली में हम सब मिलकर स्वच्छता, सदभाव और एकता का संदेश फैलाएं। फिर से एक बार आप सभी को दीपावली की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाएं।

आपका अपना विधायक
इन्द्र साव

DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL
(A Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E. New Delhi)
BHATAPARA - BALODA BAZAR

धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, एवं छठ पूजा की
की हार्दिक शुभकामनाएँ..





क्या आपके बच्चे भविष्य के लिए तैयार है ?
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भाटापारा आत्मचेतना को केंद्र में रखकर विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करता है। यह अपने पाठ्यक्रम में नवीन शिक्षा योजना की मूल भावना को कार्य योजना में शामिल करने वाला प्रथम पंक्ति का विद्यालय है। हम विद्यार्थी के व्यक्तित्व के हर पहलू पर कार्य करके उसमें समग्र विकास को सुनिश्चित करने हेतु पंच आयाम कार्यक्रम के माध्यम से सफल प्रयास कर रहे हैं।

Salient Features -
1. Pioneer in Implementing NEP 2020
2. Ensures Holistic development of the child-Cognitive Development, Physical Development, Linguistic Development, skill Development, Spiritual Development.
3. Dedicated Activity Area for Music, Dance, Art & Craft, Indoor Sports, Outdoor Sports, Synthetic Floor for Lawn Tennis & Basketball, Auditorium. Swimming Pool
4. Integrated Approach of Value Education with CBSE Curriculum
5. Well equipped Montessori Lab (for Pre Primary Students), Physics Lab, Chemistry Lab, Bio Lab & Advanced Computer Lab.
6. 100% classes are equipped with Smart Board.
7. Special Personality Development Program.

बलौदा बाजार - भाटापारा जिला में पहली बार
इसरो isro
Vikram Sarabhai Space Exhibition
SAC
VIKRAM SARABHAI SPACE EXHIBITION
on 10th, 11th and 12th November 2025 and Cultural Night
संस्कार 3.0
11th November 2025 5:00 PM onwards

www.dwpsbhatapara.com
7440402314
7440402313
Village : Khamhariya, baloda Bazar Road, Bhatapara (CG)





राईस मिल एसोसिएशन भाटापारा
की ओर से दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

गोपाल अग्रवाल
अध्यक्ष
राईस मिल एसोसिएशन, भाटापारा



सूरज थारानी
सचिव
राईस मिल एसोसिएशन



अरूण चांडक
संरक्षक

रूपचंद थारानी
संरक्षक

प्रेमचंद भुषाणिया
संरक्षक

अश्वनी शर्मा
संरक्षक

नरेन्द्र भुषाणिया
संरक्षक



देवेन्द्र भृगु, अजय शर्मा, अरूण मुंधड़ा, मुकेश थारानी, शरद भृगु, गुरमुख गंगवानी, अशोक अग्रवाल, संदीप भुषाणिया, नंदकिशोर अग्रवाल, आशुतोष गोयल, नरेन्द्र भोजवानी, श्रीराम भट्टर



राहुल शर्मा, वरूण भुषाणिया, आदर्श अग्रवाल, पंकज भृगु, अभिनव अग्रवाल, मयूर शर्मा, चेतन भानुशाली, शिव शर्मा, पूरन जोतवानी, हर्ष गोईदानी, श्याम सचदेव, वेदांत अग्रवाल, सुरेश जोगी, श्री लक्ष्मी एग्रो हतबंध


पोहा, मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति भाटापारा की ओर से....
धनतेरस, दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
रंजीत दावानी
अध्यक्ष- पोहा मिल संघ भाटापारा
प्रहलाद मंधानी संरक्षक
निर्मल दावानी संरक्षक
नंदलाल हबलानी संरक्षक
अनिल रोचलानी संरक्षक
संतोष पारप्यानी
जयराम काछेला
किशन अग्रवाल
परसराम मंधानी
मुरलीधर हबलानी
लक्ष्मण थारानी
ज्ञानसिंग सबलानी
सुभाष जैन
रुपेश किंगरानी कार्यकारी अध्यक्ष
अजय मंधानी सचिव
नरेन्द्र पुंशी
संजय सबलानी कोषाध्यक्ष
राकेश मंधानी उपाध्यक्ष
अमित थारानी उपाध्यक्ष
हरीश निहलानी महामंत्री
अनिल सचदेव महामंत्री
अनिल गंगवानी सहसचिव
अविनाश थारानी सहसचिव
शंकर किंगरानी
सम्माननीय सदस्यगण
नारायण थदवानी
निर्मल तलरेजा
जयदेव मंधानी
गुरमुख गंगवानी
दरवेश हबलानी
महेश किंगरानी
आकाश जगदीश किंगरानी
कमलेश कुकरेजा
राजेश थारानी
प्रेम गोविंदानी
अशोक थारानी
धर्मेंद्र शर्मा
धीरज किंगरानी
विकास बालानी
शिवम शत्रुघन पारप्यानी
संजय सचदेवा
भरत किंग
रामचंद बालानी
संतोष गोविंदानी
सुशील सबलानी
गोपाल तलरेजा
शशिकांत कुकरेजा
अमित बालानी
तरुण सचदेव
महेश पुंशी
अमर छाबड़िया
कैलाश किंगरानी
सुनील तलरेजा
सुनील माखीजा
विनोद तलरेजा
अनिल तलरेजा
राजा सबलानी
मुकेश पारप्यानी
कैलाश इदवानी
विक्रम थारानी
शरद मल
शिवाजी जोधवानी
कन्हैया सचदेव
कैलाश गिदवानी
अजित सहजवान
सुदामा छाबड़िया
मनीष दावानी
बशीर हिंगोरा
विनोद थारानी
विनोद चिमनानी
किशोर दावानी
संदीप भट्टर
राजू घिण्डवानी
किशोर मंधानी
रवि गंगवानी
विपिन अग्रवाल
राकेश मंधान
निलेश कल्याणी
पवन दावानी
विक्की सबलानी
पारस तलरेजा
विजय गेहाणी
संग्राम सिंह
सत्यनारायण जोशी
विजय लखवानी
विजय किंगरानी
समीर गेहाणी
सुशील काछेला
दीपक ठाकुर
ईशांत सचदेव
जगदीश जसुजा
आकाश अग्रवाल
अविनाश शर्मा
नीरज मेघानी
साहिल जलियांवाला
सौरभ आनंद
अजीत थदवानी
अमित कुकरेजा
जगदीश शोभवनी
विजय कुमार मंगवानी
विजय दावानी
सुनील गंगवानी
करन आजमानी
भरत गेहाणी
दीपक मंधानी
देवानंद अन्दानी
संजय मंधान
मयूर तलरेजा
मुकेश गंगवानी
श्रीचंद छाबड़िया
पंकज सबलानी
सोमेश पारप्यानी
भरत पारप्यानी
खेम जी दर्शन उद्योग
राज सचदेव
कैलाश चंचलानी
विक्की सलूजा
नवीन सुराना
संतोष कुकरेजा
रोहित केसवानी
तुषार खूबचंदानी
राकेश शर्मा
गौरव सुभाष आर्या
विक्की छाबड़िया
जगदीश कुमार शोभवानी
सूर्यकांत यदु
श्रीराम भट्टर
प्रमोद तलरेजा
स्नेहिल सचदेव
किशन आर्य
देवेन्द्र पटेल
सुनील गंगवानी
हितेश गंगवानी
विनीत: पोहा, मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति, भाटापारा
संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392


YAMAHA RACING
10 साल की वारंटी
धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर घर ले जाएँ खुशियों की चाबी
66 KMPL सबसे ज़्यादा माईलेज़
दमदार इंजन
नगद छूट बड़ी बचत
जीएसटी में भारी कटौती
सभी मॉडल सभी रंगों में उपलब्ध
आसान मासिक किश्तों में
न्यूनतम डाउनपेमेंट
सबसे कम ब्याज दर
शानदार माईलेज
The call of the BLUE
ak Motors
सेल्स • सर्विस • स्पेयर्स
Lawan Road, Baloda Bazar (C.G.)
Call : 96691 95169, 75830 35169


अनिल ज्वेलर्स
ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY
सबसे बड़े पर्व पर... सबसे सुन्दर श्रृंगार...
HAPPY DIWALI
सोने एवं चांदी के आभूषणों का नवीनतम कलेक्शन हार, कंगन, झुमका, चैन, मंगल सूत्र, अंगूठियां फेंसी पायल व बिछिया, ऐठी, लच्छा, साटी, मूर्तियां शुद्ध चांदी के बर्तन
Mahatma Gandhi Road, Near Ram Mandir, Baloda Bazar
Anil Soni - 98267 50770, Ashmit - 9669950770 anilsoni.201168@gmail.com






















संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392




सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
10 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सायरा खान केस
शो समय - 3:00 PM, 9:00 PM
कंट्रोल
शो समय - 6:00 PM
जय सीतला मईया (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों ने दीपावली से पहले मांगी पेंशन

**अर्जुनी।** राज्य शासन के पेंशनरों को कर्मचारियों के समान दीपावली पूर्व अक्टूबर का पेंशन भुगतान करने की मांग छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने की है। पेंशनर्स एसोसिएशन



जिलाध्यक्ष पीके हिरवानी ने राज्य शासन के दोहरे मापदंड पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पेंशनर्स को लंबित दो प्रतिशत महंगाई राहत का भुगतान आज तक नहीं किया गया है, जबकि नियमित कर्मचारियों को तीन माह पूर्व ही भुगतान किया जा चुका है।पेंशनर्स एसोसिएशन ने सीएम को मेल से ज्ञापन प्रेषित करते हुए दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर कर्मचारियों के समान वरिष्ठ नागरिकों को लंबित 2 प्रतिशत महंगाई राहत एवं अक्टूबर का पेंशन भुगतान हेतु वित्त विभाग को निर्देश जारी कर प्रदेश के डेढ़ लाख पेंशनर्स एवं परिवार पेंशनर्स को राहत प्रदान करने अनुरोध किया है।

### हायर सेकंडरी की छात्राओं को साइकिल वितरित





**सिमगा।** कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा हायर सेकंडरी स्कूल में शासन की तरफ से कक्षा 9वीं की 63 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया एवं कबीर आश्रम दामाखेड़ा की ओर से 58 छात्र-छात्राओं को जूता-मोजा 68 को गणवेश कक्षा 11वीं 12वीं के 61 छात्र-छात्राओं को पुस्तकें साथ ही 7 छात्रों का परीक्षा शुल्क स्कूल जमा कराया गया। इससे लगभग 226 छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। उक्त कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सरपंच कमलेश साहू, प्राचार्य संजय श्रीवास्तव, कबीर आश्रम से पधारे ज्ञानीदास, दयाशंकर, शाला विकास समिति के सदस्य डॉ. रवि शंकर साहू, शंकर सोनवानी समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### डीईओ ने किया भिनोदा स्कूल का निरीक्षण



**गोपालपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया ने गुरुवार को ग्राम भिनोदा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को लेकर सक्रिय डहरिया ने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से सीधा संवाद किया और उनकी शैक्षणिक समझ का आकलन किया। कमजोर विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों को अतिरिक्त कक्षाएं लेने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी छात्र की पढ़ाई प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति पर उन्होंने चिंता जताई और बच्चों को ऐसे कमरों में न बैठाने के निर्देश दिए। मिडिल स्कूल में दो शिक्षकों के एक साथ अवकाश पर रहने और एक शिक्षक के देर से आने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

तिहार : सोना-चांदी, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन और मोबाइल की बिक्री में तेजी

# दीपावली के लिए सजा बाजार, ग्राहकों की बढ़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

दिवाली के नजदीक आते ही बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। क्षेत्र के बाजार रंग-बिरंगी झालरों, दीपों, मिठाइयों और कपड़ों से सज चुके हैं। दिनभर बाजारों में लोगों की भीड़ लगी रहती है। दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है और हर कोई अपनी पसंद का सामान खरीदने में व्यस्त नजर आ रहा है। त्योहार की खुशियां बढ़ाने के लिए लोग नए कपड़े, सजावट की वस्तुएं, पटाखे और मिठाइयां खरीद रहे हैं। सोना-चांदी की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है, वहीं इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन और मोबाइल की बिक्री में भी तेजी देखी जा रही है। बाजारों में दुकानदारों ने आकर्षक सजावट के साथ विशेष छूट की पेशकश कर खरीदारों को लुभाने की पूरी तैयारी की रोशनी के सबसे बड़े पर्व दीपावली को अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन इस बार बाजारों की चमक-दमक के बीच एक अजीब सी उदासी छाई हुई है। दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों को रंग-बिरंगी लाइटों, सजावट और ऑफरों से सजा तो दिया है, मगर ग्राहकों की चहल-पहल न के बराबर है। ग्रामीण अंचलों से मिल रही जानकारी के अनुसार, इस बार दीपावली पर आम लोगों के पास खर्च करने लायक पैसे नहीं हैं। धान की फसल तैयार है लेकिन बारिश और खराब मौसम के चलते कटाई नहीं हो पाई है, जिससे किसानों को अभी तक उनकी उपज की कोई आमदनी नहीं हो सकी है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस बार जितनी उम्मीद थी, वैसी ग्राहकी नहीं हो रही। एक दुकानदार ने बताया, /"हमने लाखों का माल स्टॉक किया है, लेकिन ग्राहक ही नहीं आ रहे। दीपावली जैसे बड़े त्यौहार में इतनी मंदी पहले कभी नहीं देखी। एक और त्योहार नजदीक है, दूसरी ओर जेबें खाली हैं। सरकार से ग्रामीणों की अपेक्षा है कि वह उनकी आर्थिक स्थिति को समझे और दीपावली जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर कोई राहत पैकेज या योजनाएं फिर से शुरू करे। नहीं तो इस बार दीयों की रोशनी भी कई घरों तक नहीं पहुंच पाएगी।



### अंचल में सुआ नृत्य की धुम, घर-घर पहुंच रही बालिकाओं की टोली

**मुंडा।** दीपावली पर्व के पूर्व सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है। सुआ नृत्य की प्राचीन परंपरा को आज भी बच्चियों ने जिंदा रखा है। सुबह से लेकर देर शाम तक घरों में सुआ नृत्य के लिए बालिकाओं की टोली दस्तक दे रही है। इन दिनों ऐसा ही नजारा शहर व गांवो के गली मोहल्लों में देखने को मिल रहा है। वहीं अब पहले की तरह नृत्य करने वाली टोलियों की संख्या कम हो गई है। पर अभी भी छोटी बच्चियों परंपरा का निर्वहन कर रही है। अलग-अलग छत्तीसगढ़ी पारंपरिक



गीत गाकर लोगों का मनोरंजन करने वाले बच्चों की खुशी देखते ही बना रहे हैं। इससे पर्व की रौनकता बढ़ती जा रही है। बरदा के गुडी चौक से कही देबे सुवा ला संदेश व मुंडा, कोलिहा, जामडीह, जुड़ा, पैंजनी, धाराशिव, मल्लीन, कोनारी, खटियापाटी, ठेलकी, तिल्दा, अहिल्दा, लच्छनपुर, सुढेला, सहित कई गांवों में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ गीत नृत्य की धूम मची हुई है। दीपावली का पर्व पास आते ही बालिकाएं और महिलाएं घर-घर गली गली में समूह में पहुंचकर सुआ गीत के साथ नृत्य करती है। जिससे अनेक धार्मिक और सामाजिक संदेश परक गीत गाते हुए टोकरी में तोता (सुआ) रख इसके चारों ओर बालिकाएं थपोलियो बजाकर नृत्य करती हैं। जिसमें कुछ बालिकाएं गीत गाती है जिसे शेष बालिकाएं दोहराती हुई नाचती है। छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सुआ नृत्य की परंपरा वर्षो से चली आ रही है।

### आज धनतेरस, 20 को दिवाली 22 को गोवर्धन पूजा, बाजार हुआ गुलजार



**अर्जुनी।** बदले हुए परिवेश में व्यापार ने एक बार फिर से छलांग लगाई है। पर्वों पर होने वाली परंपरागत खरीदी और जीएसटी में मिली छूट के चलते व्यापार आसमान छूने को आतुर दिख रहा है। वाहन इलेक्ट्रॉनिक सामान कपड़े समेत विभिन्न दुकानों में भीड़ जुटने से दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। करवा चौथ के बाद अब धनतेरस दीपावली की खरीददारी से बाजार में हर ओर रौनक नजर आ रही है।

प्रकाश पर्व दीपावली की तिथि 20 अक्टूबर महज कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में लाइट और सजावट की सामग्रियों की खरीदारी के लिए दुकानों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। दुकानदार गोपाल जायसवाल ने बताया कि इस बार दिवाली को लेकर बाजार में पारंपरिक वस्तुओं से लेकर आधुनिक सजावट की सामग्रियों की मांग बड़ी है, जिससे इस वर्ष दिवाली में कारोबार अच्छी होने की उम्मीद है। वही कुम्हार के बनाए मिट्टी के दियो से लेकर एक से बढ़कर एक आकर्षक झालरों से सजी दुकानों तक रौनक देखने को मिल रही हैं।

महिलाएं जहां घरों की सजावट और पूजन सामग्रियां खरीदने में व्यस्त है, वही बच्चे दुकानों पर अपने मनपसंद विभिन्न वैरायटी के खिलौने की खरीदारी करते दिख रहे हैं। बाजारों में पारंपरिक दियो के अलावे आधुनिक सजावट की सामग्री एलईडी लाइट मोमबत्ती स्टैंड झालर चिकमिकी आदि की जमकर खरीदारी से दिवाली का बाजार गुलजार है। बहरहाल दीपावली को लेकर पूरे जिले में उल्लास और उत्साह का माहौल है ।

## गबौद स्कूल में छात्रों ने मनाया प्रकाश पर्व



**पलारी।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय गबौद में प्रकाश पर्व मनाया गया। इस दौरान स्कूल को दिए से जगमग किया गया। स्कूल में सुवा नृत्य, रंगोली, राउत नाचा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों में गजब का उत्साह देखा गया। विजेता दल को 26 जनवरी गणतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। छात्र-छात्राओं ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 8वी के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सुवा नृत्य में कक्षा 4थी के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही राउत नाचा में कक्षा 6वी और 7वी की संयुक्त टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय ने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है। इस त्यौहार में हम सभी अपने घरों को रोशन करते हैं एक दूसरे से गिले शिकवे मिटाकर सब मिलजुल कर इस पांच दिवसीय त्यौहार को मनाते हैं। विक्रम राय ने छात्रों को कैंडल, फुलझड़ी और पटाखे वितरित किया और सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभारी अशोक साहू, दानेश्वर साहू, पूनम दर्रो, प्रधान पाठक नरोत्तम ध्रुव, कौशिल्या सोनकेवरे सहित पालकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## पूर्व माध्यमिक शाला में दीपावली पूर्व हुई चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड तिल्दा-नेवरा, संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में दीपावली पर्व के पूर्व विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता को बढ़ावा देना और सौहार्दपूर्ण एवं पर्यावरण-स्नेही दीपावली मनाने का संदेश देना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी कल्पना शक्ति के माध्यम से दीपावली से संबंधित विभिन्न चित्र बनाकर समाज में प्रकाश, शांति और भाईचारे का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें इस पर्व को सद्भावना, स्वच्छता और आपसी प्रेम के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर द्वारा किया गया। इस आयोजन में शिक्षकगण संगम कुमार मन्नाडे, भारती तांती एवं मानसी का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया और प्रतियोगिता को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।



## पंजाबी गुरुसिंघ सभा में शामिल हुए आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्थानीय पंजाबी गुरूसिंघ सभा में छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा जिला प्रवास के दौरान भाटापारा पहुंचे।

उनके अभिनंदन के लिए अध्यक्ष स.त्रिलोक सिंघ सलूजा, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण छाबड़ा के साथ गुरुद्वारा परिसर में पुष्प गुच्छ एवँ पुष्पमाला देकर स्वागत किया।

इस अवसर सरदार अमरजीत सिंघ छाबड़ा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग ने आगामी दीपोत्सव एवं बन्दीछोड दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही आगामी मास में सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरु श्री गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व की अग्रिम बधाई उपस्थित साधसंगत को दी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए बनाई गई योजनाओं की अधिकाधिक जानकारी समाज के उन सभी वर्गों



तक पहुंचाई जाए जो इस निर्धारित श्रेणी में आते है ।

उन्होंने स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा का आव्हान किया कि समाज के जरूरतमन्द और महिलाओं एवं बालिकाओं को सिलाई प्रशिक्षण के साथ साथ युवाओं एवं बच्चों को कंप्यूटर ट्रेनिंग देने के लिए अल्पसंख्यक आयोग की ओर से अधिक से अधिक सहयोग का आश्वासन दिया, साथ ही आयोग द्वारा बच्चों को गुरुओं के इतिहास की जानकारी हेतु पुस्तकें उपलब्ध कराने की बात कहीं साथ ही आगामी माह में जिला स्तरीय के बाद प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने संबंधी जानकारी भी दी। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा नई पीढ़ी को गुरुओं के इतिहास एवं सनातन धर्म के लिए बलिदान की जानकारी हेतु लाइब्रेरी की स्थापना का सुझाव दिया। इसके लिए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। प्रकाश मोदी ने भी अल्पसंख्यकों के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ हेतु अधिकाधिक सहयोग का आश्वासन दिया। अतिथियों का सरोपा, साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर सभी संगत के लिए लंगर का भी आयोजन किया गया।

विधायक साव ने पुलिया और रंगमंच निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की

# हिंदू समाज के आदर्श और पूज्य हैं प्रभु श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए एक आदर्श हैं। हम उनके पद चिन्हों पर चलकर ही अपने जीवन की सार्थकता को सिद्ध कर सकते हैं। उक्त बातें विधायक इंद्र साव ने ग्राम मेकरी, ओटेबंद, लालपुर के नवधा रामायण समारोह में शामिल होते हुए उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने तीन रंगमंच एवं पुलिया निर्माण के लिए दस-दस लाख देने की घोषणा की।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि भगवान श्रीविष्णु के सातवें अवतार प्रभु राम है, जिन्हें हिंदू धर्म के महानतम और आदर्श पुरुषों में से एक माना जाता है। इस कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जाता है। प्रभु श्रीराम का



जीवन हमें सिख देता है कि जीवन में कैसी भी कठिन परिस्थितियां निर्मित हो जाए, हमें हमेशा धैर्य, साहस और धर्म का पालन करना चाहिए। साव ने कहा कि गांव गांव में नवधा रामायण होने से लोगों के मन में धार्मिक भावना उत्पन्न होती है और उनके मन में हमेशा अच्छे विचार आते हैं।

विधायक साव ने कहा कि वे सदैव गांव के विकास के लिए कृतसंकल्पित है और जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक हम अच्छे शहर की कल्पना नहीं कर सकते। उनके पास लगातार गांव-गांव में अवैध रूप से शराब बेचने और माहौल बिगड़ने की शिकायत आते रहती है।

### महिला कमांडो बनाने की अपील

गांव में शांति व्यवस्था के लिए युवाओं को आगे आना होगा और नशा पान से दूर होना होगा। वहीं गांव वालों को मिलकर गांव की महिलाओं को महिला कमांडों बनाने की अपील की, ताकि महिलाएं गांव में इस प्रकार के नशा खोरी के विरुद्ध सार्थक लड़ाई लड़ सके। इस दौरान विधायक साव ने तीन रंगमंच एवं पुलिया निर्माण के लिए दस दस लाख रुपए देने की घोषणा की जिसका उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए विधायक साव के प्रति आभार व्यक्त किया।इसके पूर्व विधायक साव ने नवधा रामायण मंडप पहुंचकर प्रभु श्रीराम को स्मरण करते क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गांव के सरपंच, उपसरपंच,पंच, नवधा रामायण आयोजन समिति के सभी सदस्यों सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सांसद खेल में सेजेस सेल के छात्रों ने दिखाया हुनर



**सेल।** विकासखंड स्तरीय युवा शक्ति सांसद खेल महोत्सव ने सेजेस सेल के बालक कबड्डी टीम ने प्रथम स्थान तथा गेड़ी दौड़ में बिंदु ध्रुव ने दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे, एसडीएम रामरतन दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ध्रुव, सेजेस कसडोल प्राचार्य संतोष वर्मा, सेजेस अंग्रेजी माध्यम प्रभारी प्राचार्य चूड़ामणी साहू ने बच्चों के खेल भावना सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की हैं। सेल जोन के खेल नोडल अधिकारी जांगड़े, सहायक विकासखंड विस्तार अधिकारी ने बच्चों को उचित मार्गदर्शन दिया तथा आयोजन की व्यवस्था में इनका विशेष योगदान रहा।